जय नरसिंह पब्लिक स्कूल की मान्यता पर सवालिया निशान

संचालक उमेश गढ़ेवाल ने प्रशासन की आंखों में झोंकी धूल

नवभारत,नरसिंहपुर। जिले में शिक्षा विभाग की अनियमितताएं थमने का नाम नहीं ले रही है, कभी स्कूलों के खेल मैदान का मुद्दा अनियमित पाया जाता है तो कहीं स्कूलों में सुविधाएं पर्याप्त नहीं होती, हाल ही में ऐसी ही अनियमितताओं के चलते जिला कलेक्टर के द्वारा शहर के हेलो बेबी इंग्लिश मीडियम स्कूल की मान्यता रद्द की गई थी, उसके बाद भी निजी स्कूल संचालक अपनी कारगुजारियों से बाज नहीं आ रहे हैं। जिसके चलते अब स्टेशन में संचालित जय नरसिंह पब्लिक स्कूल की मान्यता पर बड़ा प्रश्नचिन्ह खड़ा हो रहा है।

यह है पूरा मामला

स्कूल संचालक उमेश गढ़ेवाल के द्वारा स्टेशन गंज में संचालित स्कूल की मान्यता के समय जिस बिल्डिंग और खेल मैदान का निरीक्षण कराया गया और जिस बिल्डिंग और खेल मैदान को दस्तावेजों में दिखाया गया है वह बिल्डिंग और खेल मैदान शोभा की सुपारी बने नजर आए वास्तव में विद्यालय संचालक ने मान्यता लेने के लिए केवल उस बिल्डिंग और खेल मैदान का प्रयोग किया और उसके बाद उस बिल्डिंग से अपना बोरिया बिस्तर सकेल अपना पूरा ताम झाम एक नई बिल्डिंग में जमा लिया जिसमें ना तो खेल मैदान है और ना ही यह मान्यता के तय मानकों को पूरा नहीं करती है। अब यह प्रशासन की आंखों में धूल झोंकना ही हुआ और यदि विभागीय अधिकारियों को इस बात की जानकारी है तो वह भी उमेश गढ़वाल की साजिश में बराबर के साझेदार हैं।

किरायेनामे पर भी है विवाद

उमेश गढ़वाल ने अपने बयान में बताया था कि मकान मालिक उससे बिल्डिंग खाली करने की बात कह रहा था, अब इसमें समझने वाली बात यह है कि 30 दिसंबर 2025 में मान्यता का आवेदन लॉक किया जनवरी में निरीक्षण किया गया उसके बाद कैसे मकान मालिक अप्रैल के महीने में मकान खाली करने का दबाव बनाने लगता है क्योंकि मान्यता के समय किरायानामा आगामी 3 वर्ष का लगाया जाता है यदि मकान मालिक और स्कूल संचालक के बीच किरायानामा में हुआ था तो मकान कैसे खाली कराया जा रहा था।

यह कहता है नियम

जब इस बारे में जिला परियोजना समन्वय प्रदीप द्विवेदी से बात की गई तो उन्होंने बताया कि नरसिंहपुर जिले में प्रशासन मुस्तैदी से कार्य करता है और यह निर्धारित करता है कि सभी कार्य नियमबद्ध हो हाल ही में जिला कलेक्टर हेलो बेबी इंग्लिश मीडियम स्कूल की मान्यता भी नियमों का पालन ना करने के चलते रद्द की थी, यह मामला भी नियमों की अवेलहना है हालांकि इसमें दस्तावेजों में हेर फेर की भी बात शिकायत में कही गई है और यदि ऐसा होता है तो 200000 रुपए के जुर्माने के साथ स्कूल की मान्यता रद्द की जाएगी साथ ही दस्तावेजों में हेर फेर के चलते आपराधिक प्रकरण भी दर्ज कराया जा सकता है।

जय नरसिंह पब्लिक स्कूल का विवादों से पुराना नाता

जय नरसिंह पब्लिक स्कूल का यह पहला मामला नहीं है यह नाम लंबे समय से विवादों से गिरा चल रहा है संस्थान के संचालक उमेश गढ़ेवाल के द्वारा संचालित नरसिंह मंदिर ब्रांच में बीते वर्ष हाई स्कूल की मान्यता को लेकर विवाद सामने आया था जिसमें मान्यता न होने के बाद विद्यालय के द्वारा कक्षाएं संचालित की जा रही थी उस विवाद के बाद फिर इन्हीं की झिरना ब्रांच में एक बालिका से छेड़छाड़ के मामले में शिकायत प्राप्त हुई थी जिसमें बाद में एफआईआर दर्ज की गई और मामला अभी भी न्यायालय में है इस शैक्षिक सत्र में भी नरसिंह मंदिर ब्रांच के एक अभिभावक ने लिखित रूप में थाना कोतवाली में एक शिकायत दर्ज की थी।

इनका कहना है

एक शिकायती आवेदन जय नरसिंह पब्लिक स्कूल के विरुद्ध प्राप्त हुआ है तत्काल जांच कराई जाएगी और जो शिकायत प्राप्त हुई है यदि वह सत्य पाई जाती है तो नियम संगत कार्यवाही की जाएगी ऐसे मामलों में मान्यता रद्द करने और जुर्माने तक के प्रावधान है।

– **प्रदीप द्विवेदी,** जिला परियोजना समन्वयक

टीईटी की अनिवार्यता समाप्त करने शिक्षकों का जोरदार प्रदर्शन

तेंदूखेड़ा। शिक्षक पात्रता परीक्षा टीईटी की अनिवार्यता समाप्त करने की मांग को लेकर रविवार को दिल्ली के केशवपुरम स्थित जाट धर्मशाला परिसर में देशभर से आए शिक्षकों ने जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में बड़ी संख्या में शिक्षक शामिल हुए और सरकार से टीईटी की बाध्यता समाप्त करने के लिए लोकसभा में विधेयक लाकर इस संबंध में स्थायी समाधान किए जाने की मांग की गई।इस आंदोलन में नरसिंहपुर जिले के सैकड़ों शिक्षक शामिल हुए। शिक्षकों ने कहा कि लंबे समय से शासकीय विद्यालयों में सेवाएं दे रहे शिक्षकों के सामने टीईटी की अनिवार्यता को लेकर उत्पन्न स्थिति का समाधान सरकार को संवेदनशीलता के साथ करना चाहिए। शिक्षक संयुक्त मोर्चा के राष्ट्रीय संयोजक जगदीश यादव के नेतृत्व में आयोजित इस आंदोलन में देश के विभिन्न राज्यों से पहुंचे हजारों शिक्षकों ने अपनी मांगों को लेकर आवाज बुलंद की। प्रदर्शन के दौरान शिक्षकों ने टीईटी की बाध्यता समाप्त करने तथा इस संबंध में स्पष्ट एवं स्थायी नीति बनाने की मांग की।शिक्षकों का कहना था कि वे वर्षों से शिक्षा व्यवस्था में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। ऐसे में टीईटी की अनिवार्यता को लेकर उत्पन्न परिस्थितियों का उचित समाधान आवश्यक है। शिक्षकों ने सरकार से मांग की कि उनकी मांग पर संसद में विधेयक लाकर आवश्यक कानूनी प्रावधान किए जाएं ताकि शिक्षकों को राहत मिल सके। प्रदर्शनकारियों ने केंद्र सरकार से मांग की कि टीईटी की अनिवार्यता समाप्त करने के लिए लोकसभा में विधेयक प्रस्तुत कर उसे पारित कराया जाए। शिक्षकों ने कहा कि उनकी मांग केवल किसी एक राज्य या संगठन तक सीमित नहीं है। बल्कि देशभर के शिक्षकों से जुड़ा विषय है। आंदोलन के दौरान शिक्षकों ने एकजुटता का प्रदर्शन करते हुए सरकार से शीघ्र निर्णय लेने की मांग की। नरसिंहपुर जिले से संयुक्त शिक्षक मोर्चा के नेतृत्व में सैकड़ों शिक्षकों की सहभागिता को आंदोलन में जिले की महत्वपूर्ण भागीदारी के रूप में देखा गया। शिक्षकों ने कहा कि जब तक टीईटी की बाध्यता को लेकर समाधान नहीं किया जाता तब तक अपनी मांग को लोकतांत्रिक तरीके से सरकार के समक्ष उठाते रहेंगे।

रक्षाबंधन पर केन्द्रीय जेल में 757 बंदियों से मिलीं बहनें

नवभारत,नरसिंहपुर। रक्षाबंधन के पावन अवसर पर केन्द्रीय जेल नरसिंहपुर में निरूद्ध बंदियों एवं उनके परिजनों के लिए खुली मुलाकात की विशेष व्यवस्था की गई। प्रात: 8 बजे से प्रारंभ हुई इस मुलाकात में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच कुल 757 बंदियों को उनकी लगभग 2 हजार 428 बहनों, भाईयों एवं बच्चों से मुलाकात कराई गई। रक्षाबंधन के अवसर पर बहनों ने अपने बंदी भाइयों को तिलक लगाकर रक्षासूत्र बांधा और उन्हें सत्कर्मों के माध्यम से सभ्य नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया। बहनों ने भाइयों से बुराइयों एवं विकारों का त्याग कर भविष्य का जीवन अच्छाई और सत्मार्ग पर चलकर व्यतीत करने का संकल्प लेने का आग्रह किया। बंदी भाइयों ने भी बुराइयों को त्यागकर आगे का जीवन सत्मार्ग पर चलने का वचन दिया।

जेल प्रशासन का मानना है कि परिवार का प्रेम एवं अपनापन व्यक्ति को अपराध की दुनिया से वापस लाकर समाज की मुख्यधारा में लौटने की प्रेरणा दे सकता है।

एक नजर में

एंबुलेंस से मजबूत होगी व्यवस्था

नवभारत,नरसिंहपुर। जिले में राज्य स्तर से संचालित 108 नि: शुल्क एंबुलेंस सेवा लगातार जारी है। एक दिन में तीन एंबुलेंस में अचानक तकनीकी खराबी आने तथा पूर्व से ऑफ-रोड कुछ 108 एंबुलेंस के त्योहार के कारण वर्कशॉप में तत्काल सुधार नहीं हो पाने से कुछ मामलों में सेवा प्रभावित होने की जानकारी सामने आई थी। स्थिति की जानकारी मिलते ही स्वास्थ्य विभाग ने तत्काल संज्ञान लेकर आवश्यक कार्रवाई शुरू की। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनीष कुमार मिश्रा के निर्देश पर 29 अगस्त 2026 को तत्काल स्थिति से राज्य कार्यालय एवं 108 सेवा के स्टेट हेड को अवगत कराया गया। राज्य कार्यालय द्वारा 108 सेवा संचालित करने वाली संबंधित कंपनी को प्रभावित वाहनों को शीघ्र दुरुस्त कर सेवा में लाने तथा जिले में पर्याप्त वैकल्पिक एंबुलेंस व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। कुछ ऑफ-रोड एंबुलेंस सेवा में लौटीं, शेष दो दिन में होंगी दुरुस्त रात्रि 10 बजे 108 सेवा के स्टेट हेड से हुई दूरभाष चर्चा में बताया गया कि जिले के कुछ ऑफ-रोड वाहन पुन: सेवा में आ गए हैं।

महू में राज्य स्तरीय जूनियर गर्ल्स फुटबॉल टूर्नामेंट

नवभारत,नरसिंहपुर। जिले की महिला खिलाड़ियों ने फुटबॉल के क्षेत्र में एक और उपलब्धि हासिल की है। प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, नरसिंहपुर की पांच महिला रेफरी इंदौर के महू में 31 अगस्त से 4 सितंबर 2026 तक आयोजित राज्य स्तरीय जूनियर गर्ल्स अंतर जिला फुटबॉल टूर्नामेंट में मैच अधिकारियों के रूप में अपनी प्रतिभा और दक्षता का प्रदर्शन करेंगी। महाविद्यालय के क्रीड़ा अधिकारी अर्पित सक्सेना ने बताया कि प्रतियोगिता में करुणा मिश्रा, वंदना यादव, मुस्कान जाटव, राजनी हरिजन एवं अनीता वंशकार रेफरी के रूप में अपनी सेवाएं देंगी। पांचों महिला रेफरी विश्वविद्यालय स्तर पर महाविद्यालय एवं जिले का प्रतिनिधित्व कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर चुकी हैं। इस प्रतियोगिता में मुस्कान जाटव, अनीता वंशकार एवं राजनी हरिजन विशेष रूप से एग्जामिनी के रूप में शामिल होंगी। तीनों महिला रेफरी रेफरिंग के प्रैक्टिकल एग्जाम में हिस्सा लेंगी और मैदान पर अपने रेफरिंग कौशल, नियमों की समझ तथा निर्णय क्षमता का प्रदर्शन करेंगी।

गड्ढे भरने पहुंचे एनएचआई के कर्मचारी

नवभारत,तेंदूखेड़ा। मुख्य एप्रोच सड़क मार्ग पर बड़े बड़े गड्ढे निकल आयें हैं। यह गड्ढे काफी लंबे समय से निकले हुये हैं।भारी वाहनों के साथ छोटे छोटे बाहनों की आवा-जाही बनीं रहती है। पैदल यात्रियों स्कूली छात्र छात्राओं का भी यहां से निकलना हुआ करता है। आवा जाही के चलते बाहन चालकों को परेशानी हो रही है। बड़े बड़े गड्ढों में पानी भरा होने से पानी के कारण राहगीर भी भीगा करते हैं। जिसे लेकर सोमवार को समाचार पत्रों के माध्यम से अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराया गया था। समाचार प्रकाशित होने के उपरांत सोमवार को ही एन एच आई के कर्मचारी गड्ढों को भरने के लिए पहुंच गए। लेकिन नगर के सजग वर्ग ने एन

एच आई के अधिकारियों से अपेक्षा व्यक्त की है कि मुख्य सड़क मार्ग किनारे बड़ी बड़ी नालियों में जमा कचड़े के साथ जहां तहां खुला रहने के कारण आये दिन लोगों और मवेशियों को गिरने की शिकायतें भी सामने आती रहतीं हैं। नालियों की साफ सफाई को लेकर भी अनेकों बार स्थानीय लोगों द्वारा शिकायतें की गई हैं इनके लिए भी तत्काल प्रभाव से सुधार करवा दिया जाये।

आध्यात्मिक वैज्ञानिक एवं आयुर्वेद सम्मत हैं नारी जाति के व्रत : पं प्रमोद पचोरी

नवभारत,तेंदूखेड़ा। भाद्रपद मास में नारी जाति के लिए कल्याण प्रद और मनोवांछित फलों को प्रदान करने वाले हलषष्ठी हरितालिका ऋषि पंचमी संतान सप्तमी के साथ सनातन धर्मावलंबियों के लिए महत्वपूर्ण कुशोत्पाटिनी अमावस्या पोला गणेश उत्सव और भगवान विष्णु के पार्श्व परिवर्तन का महापर्व डोल ग्यारस भी इसी भाद्रपद महीने मनाया जाता है। हलषष्ठी व्रत हरछठ संतान की लंबी आयु अच्छे स्वास्थ्य और सुख-समृद्धि के लिए माताएं रखती हैं। यह भाद्रपद मास के कृष्ण पक्ष की षष्ठी को मनाया जाता है। यह श्री कृष्ण के बड़े भाई भगवान बलराम का जन्मोत्सव भी है जिनका मुख्य शस्त्र हल है। यह व्रत माताओं द्वारा

अपनी संतान के कल्याण और संकटों से रक्षा के लिए किया जाता है।इस दिन व्रती नारियां शिव पार्वती गणेश कार्तिकेय का पूजन करती हैं।इसे ललही छठ चन्द्र षष्ठी हरछठ या बल्देव छठ भी कहते हैं। इस दिन भगवान बलराम और हल की पूजा होती है।इस दिन हल से जोते गए खेतों से उत्पन्न अनाज या फल खाने की मनाही होती है।केवल स्वत उत्पन्न होने वाले तिन्नी के पसाई धान के चावल और महुआ का विशेष उपयोग किया जाता है।इस दिन केवल भैंस के दूध दही और घी का सेवन किया जाता है। गाय के दूध-दही का प्रयोग वर्जित माना जाता है।इस दिन श्रीकृष्ण के बड़े भाई बलराम का जन्म हुआ था। इस दिन महिलाएं अपने पुत्र की लंबी आयु और समृद्धि के लिए माताएं हलषष्ठी व्रत रखती है। संतान के सर्वांगीण विकास के लिए हलषष्ठी व्रत किया जाता है सनातनी महापर्व श्री कृष्ण जन्माष्टमी भाद्रपद कृष्ण पक्ष अष्टमी शुक्रवार को रोहिणी नक्षत्र में 4 सितम्बर को मनाया जाएगा। भाद्रपद माह के कृष्ण पक्ष की अमावस्या को कुशोत्पाटिनी कुशग्रहिणी अमावस्या कहा जाता है ।इस दिन विधिपूर्वक गृहण किया गया कुशा देव कार्य पितृ कार्य और अन्य धार्मिक कार्यों के लिए एक वर्ष तक वैद्य माना जाता है। इस बर्ष यह अमावस्या 10 सितम्बर को चतुर्दशी के उपरांत मानी जायेगी। अगले दिन स्नान दान के लिए अमावस्या रहेगी। भाद्रपद के शुक्लपक्ष की तृतीया को हरितालिका का व्रत किया जाता है। इस वर्ष यह व्रत 14 सितम्बर को रहेगा।समस्त नारियों को सुख और अखंड सौभाग्य प्रदान करने वाली भगवती पार्वती और शिव जी की कृपा प्राप्ति के लिए किया जाने वाला यह व्रत अहोरात्र निराहार और निर्जला रहने की परंपरा है।

जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों को सौंपे गए संगठनात्मक दायित्व

नवभारत, नरसिंहपुर। 31 अगस्त। जिला कांग्रेस प्रभारी श्री आलोक मिश्रा एवं जिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती सुनीता पटेल की स्वीकृति उपरांत जिला कांग्रेस कमेटी, नरसिंहपुर के पदाधिकारियों के मध्य संगठनात्मक कार्यों का विभाजन करते हुए उन्हें विभिन्न दायित्व सौंपे गए हैं। जिला संगठन महासचिव दीवान शैलेंद्र सिंह द्वारा जारी पत्र के अनुसार संगठन को अधिक सुदृढ़, सक्रिय एवं प्रभावी बनाने के उद्देश्य से पदाधिकारियों की कार्यक्षमता एवं संगठन की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए कार्यों का आवंटन किया गया है। जारी आदेश में सभी पदाधिकारियों से अपेक्षा की गई है कि वे उन्हें सौंपे गए

दायित्वों का पूर्ण निष्ठा, समर्पण एवं सक्रियता के साथ निर्वहन करेंगे तथा बूथ स्तर से लेकर जिला स्तर तक कांग्रेस संगठन को मजबूत बनाने, संगठन विस्तार, जनसंपर्क अभियान एवं पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने में अपनी प्रभावी भूमिका निभाएंगे ।

खड़ई में प्रतिभाओं का सम्मान कार्यक्रम आयोजित

नवभारत,गाडरवारा। विगत वर्ष आयोजित प्राथमिक एवं माध्यमिक शिक्षक चयन परीक्षा में चीचली ब्लॉक अंतर्गत ग्राम खड़ई के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में कार्यरत दो अतिथि शिक्षकों एवं एक कंप्यूटर ऑपरेटर का चयन विभिन्न शिक्षक पदों पर हुआ है। इस उपलब्धि पर विद्यालय में प्रतिभा सम्मान कार्यक्रम आयोजित कर चयनित अभ्यर्थियों का सम्मान किया गया। विद्यालय में अतिथि शिक्षक वर्ग-3 लैब के पद पर कार्यरत रोशनी राजपूत का चयन माध्यमिक शिक्षक हिंदी विषय के लिए हुआ है। वहीं कंप्यूटर ऑपरेटर अमन राजपूत का चयन प्राथमिक शिक्षक तथा अतिथि शिक्षक वर्ग-2 के पद पर

माध्यमिक शाला खड़ई में कार्यरत अमित नामदेव का चयन प्राथमिक शिक्षक के पद पर हुआ है। चयनित शिक्षकों की इस उपलब्धि पर आयोजित सम्मान कार्यक्रम में संस्था प्राचार्य विवेक झारिया ने नवनियुक्त शिक्षकों को नई जिम्मेदारी मिलने पर अभिनंदन पत्र एवं माँ नर्मदा का चित्र भेंट कर उनका सम्मान किया। उन्होंने चयनित शिक्षकों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह उपलब्धि विद्यालय परिवार के लिए गौरव का विषय है। कार्यक्रम का संचालन प्रशांत शर्मा एवं सदाशिव गोठिया ने किया। इस अवसर पर लीलाधर चौधरी, राजवेंद्र राजपूत, महेंद्र कौरव, नीरज श्रीवास, दुर्गेश विश्वकर्मा, दिनेश मेहरा, धर्मेंद्र चौहान, शीला लोधी, मोनिका पटेल, ऊर्जा शर्मा सहित अतिथि शिक्षक एवं विद्यालय के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम में रानी कौरव, माही साहू, तनू लोधी, अमृता मालवीय, प्रिया कौरव, अंशुल कौरव, ईशांत कौरव, विवेक कौरव सहित अन्य विद्यार्थियों का सहयोग रहा।

असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा देने शिविरों का होगा आयोजन

नवभारत,नरसिंहपुर। असंगठित क्षेत्र में कार्य करने वाले निवासियों को सामाजिक सुरक्षा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री श्रमयोगी मानधन योजना के अंतर्गत जिले के नगरीय क्षेत्रों में विशेष शिविरों का आयोजन किया जाएगा। शिविरों के माध्यम से पात्र हितग्राहियों को योजना से जोड़ने के साथ महिलाओं के स्वास्थ्य परीक्षण, आजीविका उन्नयन एवं उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न गतिविधियां भी आयोजित की जाएंगी। शिविरों में मुख्य रूप से राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के समूह सदस्यों के साथ संबंधित वार्डों के अन्य पात्र निवासी, जिनकी आयु 18 से 40 वर्ष है, शामिल होंगे। शिविरों के सफल आयोजन के लिए हितग्राहियों की पर्याप्त उपस्थिति तथा वार्ड प्रभारियों के साथ कॉमन सर्विस सेंटर के सेवा प्रदाताओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। शिविरों के माध्यम से महिलाओं में गंभीर बीमारियों की रोकथाम एवं समय पर पहचान के लिए विशेष स्वास्थ्य परीक्षण भी किए जाएंगे। इनमें विशेष रूप से सर्वाइकल कैंसर एवं ब्रेस्ट कैंसर की जांच शामिल होगी। इसके अलावा समूह की महिलाओं की आजीविका को बेहतर बनाने, लखपति दीदी के लक्ष्य की पूर्ति तथा महिलाओं को उद्यमिता के क्षेत्र में आगे बढ़ाने के उद्देश्य से उद्यम पंजीयन की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी।

कर्ज भारी ब्याज वसूली और ब्लैंक चेक लेने के आरोप, जांच की जरूरत

कर्जदारों पर बढ़ता दबाव, मजबूरी में लिया कर्ज बन रहा मुसीबत

नवभारत,गाडरवारा। मुंशी प्रेमचंद की कहानी सवा सेर गेहूं' में साहूकारी के कर्ज का जो भयावह चेहरा सामने आता है, उसकी याद गाडरवारा क्षेत्र में सामने आ रही निजी साहूकारी से जुड़ी शिकायतों ने ताजा कर दी है। शहर से लेकर गांवों तक जरूरतमंद लोगों को निजी स्तर पर पैसा उधार देने और बाद में भारी ब्याज वसूली किए जाने के आरोप लग रहे हैं। आरोप है कि मजबूरी में लिया गया छोटा सा कर्ज समय के साथ इतना बढ़ जाता है कि कर्जदार के लिए उसे चुकाना मुश्किल हो जाता है। जरूरत देखकर पहुंचते हैं 'साहूकार स्थानीय लोगों के

अनुसार आर्थिक परेशानी में फंसे लोगों तक निजी तौर पर पैसा उधार देने वाले लोग आसानी से पहुंच जाते हैं। कई बार बिना किसी बड़ी जमानत के तत्काल रकम उपलब्ध करा दी जाती है। शुरुआत में यह मदद आसान लगती है, लेकिन ब्याज और किस्तों का दबाव बढ़ने के बाद यही रकम कर्जदार के लिए परेशानी का कारण बन जाती है। डायरी में दर्ज होता है कर्ज का पूरा हिसाब शिकायतों के मुताबिक कुछ मामलों में कर्ज की राशि, ब्याज और रोजाना अथवा साप्ताहिक किस्तों का पूरा हिसाब अलग-अलग डायरी में दर्ज किया जाता है। आरोप यह भी हैं कि कुछ कर्जदारों से ब्लैंक चेक और प्रॉमिसरी नोट पर हस्ताक्षर कराए जाते हैं। किस्त समय पर नहीं पहुंचने पर दबाव बढ़ने और चेक बाउंस होने की स्थिति में कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दिए जाने की बात भी सामने आ रही है। 100 रुपये पर 1 से 10 रुपये तक ब्याज ?

ब्याज का बोझ

स्थानीय स्तर पर की जा रही शिकायतों में कुछ मामलों में 100 रुपये पर प्रतिमाह 1 से 10 रुपये तक ब्याज वसूले जाने के आरोप लगाए गए हैं। यानी ब्याज की दर इतनी अधिक होने का दावा किया जा रहा है कि मूलधन चुकाने के बावजूद कर्जदार पर ब्याज का बोझ बना रहता है। हालांकि, अलग-अलग मामलों में वास्तविक ब्याज दर और लेन-देन की स्थिति जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगी।

खेल दिवस पर विद्यार्थियों ने बनाईं खेल आकृतियां

नवभारत,गाडरवारा। सोमवार को राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर ग्राम सांगई स्थित एकीकृत शासकीय नवीन माध्यमिक शाला में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने कागज पर विभिन्न खेलों से संबंधित आकृतियां बनाकर खेलों के महत्व को रेखांकित किया।

राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार दिन के अंतिम कालखंड में विद्यार्थियों ने सफेद कागज पर हॉकी, बैट-बॉल, फुटबॉल, गिल्ली-डंडा एवं बैडमिंटन सहित विभिन्न खेलों से जुड़ी आकृतियां बनाईं। गतिविधि के माध्यम से विद्यार्थियों ने खेलों के प्रति अपनी रुचि एवं रचनात्मकता का प्रदर्शन किया।

इस अवसर पर माध्यमिक शिक्षक मधुसूदन पटेल एवं अतिथि शिक्षक चंद्रभूषण नामदेव ने विद्यार्थियों को राष्ट्रीय खेल दिवस के महत्व की जानकारी देते हुए बताया कि हॉकी के महान खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद की जयंती के अवसर पर प्रतिवर्ष राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया जाता है। उन्होंने विद्यार्थियों से प्रतिदिन सुबह जल्दी उठकर योग एवं व्यायाम करने, मॉर्निंग वॉक पर जाने तथा संतुलित आहार लेने की अपील की। उन्होंने कहा कि नियमित खेल एवं शारीरिक गतिविधियों से स्वस्थ जीवनशैली अपनाने में मदद मिलती है। कार्यक्रम के दौरान इस वर्ष गाडरवारा में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय एवं राष्ट्रीय शालेय क्रिकेट प्रतियोगिताओं की जानकारी भी विद्यार्थियों को दी गई। अंत में शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने स्वस्थ रहने तथा खेल गतिविधियों को आगे बढ़ाने की शपथ ली। कार्यक्रम में शाला के प्रधानपाठक दशरथ प्रसाद जाटव, विवेक नाईक, देवेंद्र ठाकुर, किरणलता ठाकुर सहित अनेक छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।